राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल 29 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट की।

कुलपतियों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालयों द्वारा आरम्भ किए गए नए पाठ्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान ढांचागत व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी हस्तांतरण, नवीन अनुसंधान, राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के साथ–साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, वित्तीय सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में बताया।

इस दौरान राज्यपाल द्वारा कुलपतियों से ''एक विवि, एक शोध'' विषय पर किये जा रहे कार्य के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शोध एवं अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले तभी इसकी सार्थकता होगी। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का मुख्य उद्देश्य ज्ञान का सृजन और संचारण करना है, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, अपनी क्षमता को मजबूत करने के लिए एवं अनुसंधान के लिए समर्पित आंतरिक संरचनाओं के निर्माण हेतु राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में समन्वयन एवं समझौता ज्ञापन (एमओयू) होना आवश्यक है।

............0............